an>

Title: Need to provide jobs to local youth in Rajasthan atomic power project in Chittorgarh parliamentary constituency and also undertake development of the region under Corporate Social Responsibility programme.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : माननीय सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में न्युक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एन.पी.सी.आई.एल.) के द्वारा राजस्थान एटोमिक पावर स्टेशन उपक्रम की स्थापना के समय करार किया था कि 'ए' और 'बी' श्रेणी की नौकरी को छोड़कर 'सी' और 'डी' श्रेणी की भर्ती में क्षेत्रीय बेरोजगार युवकों को क्षेत्रीय कार्यालय के द्वारा भर्ती किया जाएगा, लेकिन क्षेत्रीय बेरोजगार युवकों को छोड़कर बाहरी लोगों को नौकरी दी जा रही है।

अतः मैं आपके माध्यम से निवेदन करता हूं कि क्षेत्रीय बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु एन.पी.सी.आई.एल. द्वारा किये गये करार का पालन करें एवं सी.एस.आर. के अंतर्गत क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया जाये क्योंकि सी.एस.आर. के अंतर्गत भी कोई खास कार्य नहीं हुआ है तथा राजस्थान एटोमिक पावर स्टेशन के आसपास का क्षेत्र वन अभ्यारण्य होने के कारण सड़क निर्माण में रुकावटें आ रही हैं। इस संबंध में पर्यावरण विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र शीघ्र जारी कराकर सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाये जिससे क्षेत्र का विकास हो।